

# भारतीय नौसेना
# मासिक संवाद पत्र

**अगस्त 2026**

**भारतीय नौसेना सामरिक संचार प्रकोष्ठ, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित**

# भूमिका

अगस्त 2026 भारतीय नौसेना के लिए क्षमता बढ़ाने, समुद्री सहयोग और पेशेवर उत्कृष्टता हासिल करने की दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण रहा। दूसरे निस्तार –क्लास डाइविंग सपोर्ट वेसल, भा.नौ.पो. निपुण की कमीशनिंग के साथ-साथ 'मंगरोल' और 'समर्थक' की डिलीवरी ने नौसेना की विशिष्ट और मल्टी-मिशन क्षमाताओं को और मज़बूत किया। नेक्स्ट जेनरेशन ऑफशोर पेट्रोल वेसल 'श्रुति' और पांचवे डाइविंग सपोर्ट क्राफ्ट के लॉन्च ने स्वदेशी नौसेना पोत निर्माण में हुई तरक्की को प्रदर्शित किया।

इस महीने की बैठकों में मैरीटाइम साझेदारी और ऑपरेशनल तैयारी सबसे अहम रही। साझेदार देशों के साथ दोतरफा बातचीत और पेशेवर आदान-प्रदान ने सहयोग और इंटरऑपरेबिलिटी को मज़बूत किया। लोकायन 2026 के दौरान पुर्तगाल में भा.नौ.पो. सुदर्शनी के बंदरगाह संपर्क कार्यक्रम (पोर्ट कॉल) ने समुद्री रिश्तों को मज़बूत किया, जबकि नौसेनाध्यक्ष ने मॉरीशस का चार दिन का आधिकारिक दौरा किया। आईएन-यूएसएन एक्सप्लोसिव ऑर्डनेंस डिस्पोज़ल एक्सरसाइज़ ने ऑपरेशनल तालमेल को बढ़ाया और विशेषज्ञताओं के आदान-प्रदान को आसान बनाया। भारतीय नौसेना ने बंगाल की खाड़ी में एम वी ओशन विनर के लिए तेज़ी से खोज और बचाव कार्य भी किया। वाइस एडमिरल मनीष चड्ढा ने डायरेक्टर जनरल नेवल ऑपरेशंस का पद संभाला, जबकि वाइस एडमिरल विवेक दहिया ने डायरेक्टर जनरल प्रोजेक्ट सीबर्ड का पद संभाला। वीरता पुरस्कारों और खेलों के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियों ने भारतीय नौसेना के जवानों को और भी ज्यादा पहचान दिलाई।



# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय नौसेना कर्मियों को दिए गए वीरता पुरस्कार

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने स्वतंत्रता दिवस 2026 के अवसर पर भारतीय नौसेना के लिए वीरता पुरस्कारों को मंज़ूरी दी। लेफ्टिनेंट कमांडर शिवम कुमार को शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया, जबकि कमांडर युवराज कुमार , कमांडर विनीत शर्मा और सी अविनाश अन्नासो, पीओए (एफडी) को नौसेना पदक (वीरता) मिला। कमांडर निखिल चुघ, लेफ्टिनेंट अजय जोस एन जोसेफ, अभिषेक धनावडे सी ई ए । (सी डी) और अश्विन संतोष , एवीआर सी (सीडी)को विशेष नामोल्लेख (मेंशन इन डिस्पैच) प्रदान किया गया । इन पुरस्कारों से कार्मिकों की बहादुरी और शौर्य को पहचान मिली।




# द्विपक्षीय समुद्री सहयोग बढ़ाने के लिए नौसेनाध्यक्ष का मॉरिशस दौरा



नौसेनाध्यक्ष एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने 10 से 13 अगस्त 2026 तक मॉरिशस का चार दिन का आधिकारिक दौरा किया। इसका मकसद दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग और रक्षा संबंधों को मज़बूत करना था। इस दौरे के दौरान नौसेनाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम से मुलाकात की और पुलिस कमिश्नर और गृह एवं रक्षा मामलों के सचिव समेत वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत की। चर्चा समुद्री सुरक्षा सहयोग, क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण और जानकारी के आदान-प्रदान, संयुक्त विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र निगरानी और ऑपरेशनल लिंकेज बढ़ाने पर केन्द्रित थी। नौसेनाध्यक्ष ने मॉरिशस पुलिस की क्षमता बढ़ाने और क्षमता निर्माण की कोशिशों में भारतीय नौसेना के लगातार सहयोग की भी पुष्टि की।

# लोकायन 2026 के दौरान भा.नौ.पो. सुदर्शिनी का तीन दिवसीय बंदरगाह संपर्क कार्यक्रम

भारतीय नौसेना के सेल ट्रेनिंग शिप भा.नौ.पो. सुदर्शिनी ने लोकायन 2026 के हिस्से के तौर पर 25 अगस्त 2026 को पुर्तगाल के लिस्बन में अपना तीन दिवसीय बंदरगाह संपर्क कार्यक्रम पूरा किया। इस दौरे के दौरान कमांडिंग अफसर ने पुर्तगाली नेवी के वरिष्ठ नेतृत्व से बातचीत की, जबकि भारतीय नौसेना के प्रशिक्षणार्थी पुर्तगाली नेवल एकेडमी गए और पुर्तगाल के समकक्ष कार्मिकों से मिले। वरिष्ठ पुर्तगाली सैन्य अधिकारियों, राजनयिकों और भारतीय समुदाय के लिए डेक पर एक रिसेप्शन भी रखा गया था। इससे पहले, भा.नौ.पो. सुदर्शिनी ने पोटा डेलगाडा का दौरा किया था, जहां उसने भारत का 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाया था। बंदरगाह संपर्क कार्यक्रम (पोर्ट कॉल) ने भारत और पुर्तगाल के बीच समुद्री सहयोग और मैत्री को मजबूत किया।



# भारतीय नौसेना में भा.नौ.पो. निपुण की कमीशनिंग




भारतीय नौसेना ने 31 अगस्त 2026 को मुंबई में भा.नौ.पो. निपुण को कमीशन किया, जो देश में डिज़ाइन और बनाया गया दूसरा ड्राइविंग सपोर्ट वेसल है। इस समारोह की अध्यक्षता नौसेनाध्यक्ष कृष्णा स्वामीनाथन ने की, और इसमें पश्चिम नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल संजय वात्सायन भी मौजूद थे। इस वेसल के शामिल होने से नौसेना की स्पेशलिस्ट डाइविंग, सैल्वेज और सबमरीन रेस्क्यू सपोर्ट क्षमताओं में काफी बढ़ोतरी हुई है। हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा बनाया गया भा.नौ.पो. निपुण स्वदेशी पोतनिर्माण में एक और मील का पत्थर है और भारतीय नौसेना की विशेषज्ञता समुद्री क्षमता को मजबूत करता है।

# भारतीय नौसेना को पनडुब्बी रोधी वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट 'मंगरोल' की डिलिवरी

कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड, कोच्चि द्वारा बनाया तीसरा एंटी –सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट 'मंगरोल', 21 अगस्त 2 026 को भारतीय नौसेना को सौंपा गया। इस जहाज में 80 प्रतिशत से ज्यादा स्वदेशी चीजें हैं और यह निगरानी, तटीय पानी में एंटी –सबमरीन वॉरफेयर ऑपरेशन, कम इंटेंसिटी वाले समुद्री ऑपरेशन और माइन-वॉरफेयर मिशन करने के लिए तैयार है। वॉटरजेट से चलने वाले इस पोत में टॉरपीडो, एंटी-सबमरीन रॉकेट, एडवांस्ड रेडार और सोनार लगे हैं। गुजरात के छोटे बंदरगाह और तटीय शहर मंगरोल के नाम पर इसका नाम रखा गया है और यह पोत पहले के भा.नौ.पो. मंगरोल की विरासत को भी आगे बढ़ाता है, जिसने 2004 तक सेवा दी थी।



# भारतीय नौसेना को बहुउद्देशीय वेसल 'समर्थक' की डिलिवरी



भारतीय नौसेना का पहला बहुउद्देशीय वेसल 'समर्थक', 27 अगस्त 2026 को लार्सन एंड टूब्रो लिमिटेड, कट्टुपल्ली द्वारा डिलीवर किया गया। 75 प्रतिशत स्वदेशी अंश वाला यह वेसल एक बहुमुखी परीक्षण और मूल्यांकन प्लेटफॉर्म के तौर पर बनाया गया है। इसे समुद्री निगरानी और टोही, ऑफशोर गश्त और जरूरत पड़ने पर मानवीय सहायता और आपदा राहत ऑपरेशन के लिए भी डिज़ाइन किया गया है। 'समर्थक' नाम, जिसका मतलब है सहायता प्रदान करने वाला, कई मिशन के लिए एक भरोसेमंद मददगार के तौर पर इस वेसल की भूमिका को दिखाता है। इसकी डिलिवरी ने भारतीय नौसेना स्वदेशी पोत बनाने के प्रयासों को और आगे बढ़ाया है।

# अगली पीढ़ी के ऑफशोर पेट्रोल वेसल 'श्रुति' का लॉन्च

यार्ड 3037, जिसका नाम श्रुति है, एक नेक्स्ट जेनरेशन ऑफशोर पेट्रोल वेसल है। इसे 11 अगस्त 2026 को गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनीयर्स, कोलकाता में वाइस एडमिरल संजय साधु , कंट्रोलर ऑफ वॉरशिप प्रोडक्शन एंड एक्विजिशन की मौजूदगी में श्रीमती मणिका साधु द्वारा लॉन्च किया गया। इस क्लास के वेसल गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स, कोलकाता और गोवा शिपयार्ड लिमिटेड, गोवा में एक साथ बनाए जा रहे हैं। देश में ही डिज़ाइन किए और बनाए गए इन वेसल का मकसद नौसेना ऑफशोर बेड़े को बढ़ाना और समुद्री निगरानी, खोज और बचाव, ऑफशोर परिसंपत्तियों की सुरक्षा, मानवीय सहायता और आपदा राहत और एंटी-पायरेसी ऑपरेशन करना है।



# डाइविंग सपोर्ट क्राफ्ट प्रोजेक्ट के पांचवें पोत का लॉन्च




पांच जहाज वाले डाइविंग सपोर्ट क्राफ्ट प्रोजेक्ट का पांचवां और आखिरी पोत , डीएससी ए24, 01 अगस्त 2026 को टीटागढ़ , कोलकाता में वाइस एडमिरल गुरचरण सिंह, चीफ ऑफ पर्सनल की मौजूदगी में श्रीमती कमल सिंह द्वारा लॉन्च किया। टीटागढ़ रेल सिस्टम लिमिटेड, कोलकाता द्वारा बनाए गए इस क्राफ्ट में कैटामारन हल फॉर्म और लगभग 300-400 टन का डिस्प्लेसमेंट है, जो डाइविंग ऑपरेशन के लिए बेहतर स्थिरता, डेक एरिया और समुद्र में टिके रहने की सहूलियत देता है। इस क्राफ्ट को नौसेना के डाइविंग सपोर्ट, अंडरवाटर इंस्पेक्शन, बचाव में मदद और तटीय ऑपरेशन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# कोच्चि में आठवें आई एन-यू एस एन विस्फोटक आयुध निपटान अभ्यास का आयोजन

कोच्चि में आठवें आई एन-यू एस एन विस्फोटक आयुध निपटान अभ्यास का आयोजन 10 से 14 अगस्त 2026 तक दक्षिण नौसेना कमान, कोच्चि में किया गया। इस द्विपक्षीय अभ्यास में पेशेवर वार्ता सर्वोत्तम प्रचलनों का आदान-प्रदान और दोनों नेवी की टीमों द्वारा प्रदर्शन शामिल थे। विषय विशेषज्ञ आदान-प्रदान में इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस के खतरे, रेडार-सेफ प्रोसीजर, माइन न्यूट्रलाइजेशन और अनमैन्ड अंडरवाटर सिस्टम का इस्तेमाल शामिल था। क्रॉस-ट्रेनिंग में मलबे की लोकेशन और बचाव, विशेष उपकरण का इस्तेमाल और स्लिथरिंग ऑपरेशन शामिल थे। इस अभ्यास ने डाइविंग टीमों की पेशेवर क्षमता बढ़ाई और दोनों नेवी के बीच आपसी समझ , इंटरऑपरेबिलिटी और ऑपरेशनल तालमेल मज़बूत किया।




# भारतीय नौसेना P-81 विमान का एमवी ओशन विनर के लिए समन्वित खोज और बचाव ऑपरेशन




22 अगस्त 2026 को विशाखापत्तनम से 700 कि.मी. पूर्व में एम वी ओशन विनर के बारे में एक डिस्ट्रेस अलर्ट के बाद एक सर्विलेंस सॉर्टी पर भारतीय नौसेना के पी-81 एयरक्राफ्ट को मेरीटाइम रेस्क्यू सेंटर के साथ तालमेल में श्री विजयपुरम में खोज एवं बचाव मिशन के लिए फिर से तैनात किया गया। एयरक्राफ्ट ने सर्च एरिया में लाइवराफ्ट ढूंढे और सहायता के लिए मर्चेंट टैंकर एम टी ऐसोपोस के साथ समन्वय किया। देर शाम तक, मर्चेंट वेसल ने अलग-अलग लाइवराफ्ट से दो क्रू सदस्यों को बचा लिया। इसके बाद भारतीय नौसेना ने बाकी क्रू सदस्यों की तलाश में इंडियन कोस्टगार्ड के साथ मिलकर समन्वय कार्य जारी रखा।

# द्विपक्षीय , समुद्री सहयोग को मजबूर करने के लिए श्रीलंका नौसेना के कमांडर का भारत दौरा

वाइस एडमिरल डेमियन फर्नांडो, कमांडर श्रीलंका नेवी ने 26 से 29 अगस्त 2026 तक भारत का आधिकारिक दौरा किया। पद संभालने के बाद यह उनका पहला दौरा था। उन्हें नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजली अर्पित की। उन्होंने प्रशिक्षण और समुद्री सुरक्षा समेत समुद्री सहयोग पर नौसेनाध्यक्ष एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन के साथ चर्चा की। कोच्चि में उन्होंने एफओएसटी और भा.नौ.पो. जमुना समेत प्रशिक्षण स्थापनाओं का दौरा किया। उन्होंने प्रशिक्षण लिंकेज बढ़ाने पर दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन-चीफ वाइस एडमिरल समीर सक्सेना के साथ चर्चा की।



# 17 वीं भारतीय नौसेना–रॉयल ऑस्ट्रेलिया नौसेना स्टाफ वार्ता का सिडनी में आयोजन



17 वीं भारतीय नौसेना –रॉयल ऑस्ट्रेलिया नौसेना स्टाफ वार्ता 11 से 12 अगस्त 2026 तक सिडनी में हुई। इस वार्ता की सह-अध्यक्षता रियर एडमिरल सचिन सेक्चेरा, एसीएनएस (एफसीआई) और रियर एडमिरल क्रिस्टोफर स्मिथ, कमांडर ऑस्ट्रेलियन फ्लीट ने की। वार्ता ऑपरेशन की इंटरऑपरेबिलिटी बढ़ाने, द्विपक्षीय अभ्यास का स्तर बढ़ाने और क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण में सहयोग आगे बढ़ाने पर केंद्रित थी। इस वार्ता ने दोनों नेवी की अपनी समुद्री साझेदारी और ऑपरेशन लिंकेज को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई और भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा सहयोग की बढ़ती घनिष्ठता को रेखांकित किया।

# गिनी गणराज्य के नौसेना प्रतिनिधिमंडल का भारतीय नौसेना के कोच्चि स्थित प्रशिक्षण स्थापनाओं का दौरा

गिनी गणराज्य के नौसेना के चार सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने 17 से 18 अगस्त 2026 तक कोच्चि के दक्षिण नौसेना कमान में भारतीय नौसेना के प्रशिक्षण केंद्रों का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय नौसेना की प्रशिक्षण क्षमताओं को देखा, जिसमें डैमेज कंट्रोल और फायरफाइटिंग सिमुलेटर और विज़िट, बोर्ड,सर्च और सीज़र ड्रिल शामिल है। इस मुलाकात ने दोनों नेवी के बीच ऑपरेशनल तैयारी और समुद्री सहयोग को बढ़ाने में पेशेवर विशेषज्ञता और प्रशिक्षण क्षमताओं को साझा करने की भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता दोहराई।



# नई दिल्ली में तीसरी भारत- नाइजीरिया नौसेना उप-समूह बैठक का आयोजन




तीसरी भारत-नाइजीरिया नौसेना उप-समूह की बैठक 18 से 20 अगस्त तक नई दिल्ली में आयोजित की गई। बैठक की सह-अध्यक्षता रियर एडमिरल सचिन आर सेक्वेरा, एसीएनएस (एफसीआई), और रियर एडमिरल एंथनी विक्टर कुजोह, डिप्टी कमांडेंट, एएफसीएससी, नाइजीरिया ने की। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय नेवी सहयोग में हुई प्रगति की समीक्षा और प्रशिक्षण, समुद्री सुरक्षा और ऑपरेशनल कामों में सहयोग के नए रास्ते तलाशे। बैठक में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने और एक सुरक्षित और समावेशी समुद्री परिवेश को बढ़ावा देने के लिए भारतीय और नाइजीरियाई नौसेनाओं की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

# वाइस एडमिरल मनीष चड्ढा द्वारा महानिदेशक, नौसेना ऑपरेशन का पदभार ग्रहण

वाइस एडमिरल मनीष चड्ढा, ए वी एस एम, वी एस एम ने 3 अगस्त 2026 को महानिदेशक, नौसेना ऑपरेशन का पदभार संभाला। 01 जुलाई 1991 को भारतीय नौसेना में कमीशन किए गए वाइस एडमिरल चड्ढा, नेशनल डिफेंस अकैडमी और डिफेंस सर्विसेज़ स्टाफ कॉलेज के पूर्व छात्र रहे हैं। 35 साल से ज्यादा के करियर में उन्होंने सी जी एस -05 और भारतीय नौसेना पोतों तथा मैसूर की कमान सहित स्टाफ नियुक्तियों पर कार्य किया है। उन्होने मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास में नौसेना अताशे के तौर पर कार्य किया। फ्लैग रैंक में पदोन्नत होने पर उन्होंने फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग गुजरात नेवल एरिया, असिस्टेंट चीफ ऑफ पर्सनल(एडमिनिस्ट्रेशन और सिविलियन), फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग महाराष्ट्र नेवल एरिया और असिस्टेंट चीफ ऑफ पर्सनल(ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट) के पदों पर काम किया। वाइस एडमिरल के पद पर पदोन्नति होने पर, उन्हें इंडियन नेवल अकैडमी का कमांडेंट बनाया गया। उन्हें 2017 में विशिष्ट सेवा मेडल और 2025 में अति विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया गया।




# वाइस एडमिरल विवेक दहिया द्वारा महानिदेशक, प्रोजेक्ट सीबर्ड का पदभार ग्रहण



वाइस एडमिरल विवेक दहिया, एनएम ने 01 अगस्त 2026 को महानिदेशक प्रोजेक्ट सीबर्ड का पद संभाला। नेवल एकेडमी, गोवा, जॉइंट सर्विसेज़ कमांड एंड स्टाफ कॉलेज, श्रीवेनहम, यूनाइटेड किंगडम और नेवल वॉर कॉलेज, गोवा के पूर्व छात्र, फ्लैग ऑफिसर दहिया ने कई ऑपरेशनल कमांड और स्टाफ नियुक्तियों पर कार्य किया है। उनकी समुद्री कमान में भा.नौ.पो. करमुक और भा.नौ.पो चेन्नई शामिल है। उन्होंने नौसेना मुख्यालय में सहायक नौसेनाध्यक्ष (स्टाफ रिक्वायरमेंट)के तौर पर भी काम किया है और अपनी वर्तमान नियुक्ति से ठीक पहले, मुंबई में फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग, वेस्टर्न फ्लीट के पद पर थे।

# भारतीय नौसेना के कार्मिकों का 2025 के अर्जुन पुरस्कारों के लिए चयन

भारतीय नौसेना के सुरजीत सिंह, एमसीपीओ II, और मुहम्मद अजमल वी, सीपीओ को कबड्डी और एथलेटिक्स में उनकी उपलब्धियों के लिए प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया है। यह चयन उनके शानदार खेल प्रदर्शन और भारतीय खेलों में उनके खास योगदान को पहचान देता है। उनकी उपलब्धियों ने भारतीय नौसेना और देश को पहचान दिलाई है और एथलीटों के ज़रिए भारतीय खेलों में नौसेना के लगातार योगदान को दिखाता है, जिनकी काबिलियत और लगन ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है।



# भारतीय नौसेना के जवानों को एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी स्क्वैश प्रतियोगिता में स्वर्ण और कांस्य पदक




सूरज चंद, पीओ ने मुंबई में एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी स्वदेश चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रच दिया। ओम सेमवाल, पीओ ने कांस्य पदक जीता, जिससे भारतीय स्क्वैश टीम ने 2 बार पोडियम पर जगह बनाई। उनके प्रदर्शन ने भारतीय नौसेना के जवानों की खेलों में बेहतरीन प्रतिभा को प्रदर्शित किया और इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी लेवल पर स्क्वैश में भारत के रिकॉर्ड मे एक और बड़ी उपलब्धि जोड़ दी।

# भारतीय नौसेना के एथलीटों को विश्व एथलेटिक्स यू20 चैंपियनशिप में रजत और कांस्य पदक

भारतीय नौसेना के एथलीटों ने 2026 वर्ल्ड एथलेटिक्स यू20 चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। यह चैंपियनशिप हेवर्ड फील्ड, यूजीन, ओरेगन, संयुक्त राज्य अमेरिका में 05 से 09 अगस्त 2026 तक हुई थी। बसंत कुमार मेघवाल, पीओ ने पुरुषों के हाई जंप में 2.21 मीटर की छलांग लगाकर रजत पदक जीता। वह किसी भी आयु वर्ग में वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले पहले भारतीय हाई जंपर बन गए । शाहनवाज़ खान, पीओ ने पुरुषों की लॉन्ग जंप में 7.84 मीटर की छलांग लगाकर कांस्य पदक जीता। इस तरह उन्होंने भारत और भारतीय नौसेना के लिए डबल-पोडियम फिनिश किया।




# नेवी के तलवारबाजों को कॉमनवेल्थ फेंसिंग चैंपियनशिप 2026 में 10 पदक




भारतीय नौसेना के तलवारबाज़ों ने नाइजीरिया के लागोस में कॉमनवेल्थ फेंसिंग चैंपियनशिप 2026 में सात स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य सहित कुल दस पदक जीते। तनिक्षा खत्री, सीपीओ (पीटी) ने विमेंस एपी में दो स्वर्ण पदक जीते, जबकि प्राची लोहान, पीओ (पीटी) ने विमेंस एपी में एक स्वर्ण और एक कांस्य और यू-23 कैटेगरी में एक स्वर्ण पदक जीता। शेरजिन आर एस, पीओ (पीटी) ने मेन्स एपी में दो 2 स्वर्ण पदक और करण सिंह, सीपीओ (पीटी) ) ने मेन्स सेबर में 2 स्वर्ण पदक जीते। विशाल थापर, एमसीए (एएच) ने मेन्स सेबर में टीम रजत पदक जीता, जबकि देव , पीओ कॉम (टेल) ने मेन्स फॉइल में टीम कांस्य जीता।




# NEWSLETTER

## AUG 2026